DULLES CORRIDOR METRORAIL PROJECT

सार्वजनिक सुनवाई का नोटिस

मेट्रोपोलिटन वाशिंगटन एयरपोर्ट्स प्राधिकरण
वॉशिंगटन मेट्रोपोलिटन क्षेत्र ट्रांज़िट प्राधिकरण

पर्यावरण आकलन और प्रस्तावित सामान्य योजनाएँ
डलेस कॉरिडोर मेट्रोरेल परियोजना के लिए
प्रारंभिक इंजीनियरिंग डिज़ाइन शोधन
चरण 2: डलेस हवाई अड्डा/मार्ग 772 का विस्तार
फ़ेयरफ़ैक्स काउंटी और लौडौन काउंटी, वर्जीनिया
डॉकेट R12-01

<u>प्रयोजन</u>

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि संघीय ट्रांज़िट प्रशासन और महानगर वाशिंगटन एयरपोर्ट्स प्राधिकरण के संयोजन में वॉशिंगटन मेट्रोपोलिटन क्षेत्र ट्रांज़िट प्राधिकरण द्वारा फ़ेयरफ़ैक्स काउंटी और लौडौन काउंटी, वर्जीनिया में डलेस हवाई अड्डे और मार्ग 772 में मेट्रोरेल के विस्तार की प्रस्तावित योजना के डिज़ाइन के शोधन पर निम्नानुसार सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जाएगी:

सुनवाई संख्या 575
<u>बुधवार, 13 जून, 2012</u>
हेर्नडन हाई स्कूल
700 बेनेट स्ट्रीट
हेर्नडन, वर्जीनिया 20170
(फ़ेयरफ़ैक्स कनेक्टर मार्ग 980 और 924, या रेस्टन बस 5)

सुनवाई का कार्यक्रम सायं 7 बजे शुरू होगा
खुला मंच सायं 6:30 बजे होगा

metro

DULLES CORRIDOR METRORAIL PROJECT

यह स्थान पहियाकुर्सी से सुलभ है। अगर किसी व्यक्ति को सार्वजनिक सुनवाई में भाग लेने के लिए विशेष सहायता की आवश्यकता है जैसे संकेत भाषा दुभाषिया या अतिरिक्त आवास, या अगर व्यक्ति को यह सामग्री वैकल्पिक स्वरूप में चाहिए, तो उसे यथाशीघ्र 202-962-2511 या TTY: 202-638-3780 पर डेनिस पेना से संपर्क करना चाहिए ताकि मेट्रो आवश्यक व्यवस्था कर सके। भाषा सहायता के लिए, जैसे दुभाषिया, कृपया कॉल करें 202-962-1082.

अधिक जानकारी के लिए कृपया यहाँ जाएँ www.dullesmetro.com और http://www.wmata.com/hearingswww.wmata.com/hearings

सार्वजनिक सुनवाई का प्रयोजन

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि महानगर वाशिंगटन एयरपोर्ट्स प्राधिकरण (MWAA) और संघीय ट्रांज़िट प्रशासन (FTA) के संयोजन में वॉशिंगटन मेट्रोपोलिटन क्षेत्र ट्रांज़िट प्राधिकरण (WMATA) द्वारा फ़ेयरफ़ैक्स काउंटी और लौडौन काउंटी, वर्जीनिया में डलेस हवाई अड्डे और मार्ग 772 में मेट्रोरेल के विस्तार की योजना के चरण II के पर्यावरणीय आकलन और सामान्य योजनाओं के प्रस्तावित डिज़ाइन के शोधन पर निम्नानुसार सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जाएगी: सुनवाई में, WMATA, FTA, और MWAA प्रस्ताव के बारे में सार्वजनिक टिप्पणियाँ और सुझाव प्राप्त करेंगे और उन विचार करेंगे। इस सुनवाई के परिणामस्वरूप प्रस्तावित डिज़ाइन अवधारणाएँ बदल सकती हैं।

2005 के वसंत में, FTA डलेस कॉरिडोर में मेट्रोरेल विस्तारcf के लिए संरेखण को मंज़ूरी दी थी और इस परियोजना के लिए निर्णय के रिकॉर्ड जारी किए थे। इस संरेखण को पहले वर्जीनिया के कॉमनवेल्थ परिवहन बोर्ड और WMATA निदेशक मंडल ने स्वीकृति दी थी। चरण I के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग के भाग के रूप में, WMATA, MWAA, और FTA ने चरण I संरेखण में बदलाव के लिए मंज़ूरी दी थी, जो परियोजना के लिए FTA के निर्णय के संशोधित रिकॉर्ड में प्रलेखित किए गए हैं, जिन पर नवंबर 2006 में हस्ताक्षर किए गए थे।

क्योंकि इन चरण II शोधन के परिणामस्वरूप परियोजना के पहले प्रलेखित पर्यावरणीय प्रभावों में बदलाव आ सकते हैं, इसलिए FTA ने MWAA से वर्तमान प्रारंभिक इंजीनियरिंग डिज़ाइन के साथ जुड़े संभावित पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन तैयार करने और राष्ट्रीय पर्यावरण नीति अधिनियम (NEPA) 1969 के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। पर्यावरण आकलन तैयार करने के लिए, MWAA ने यह सुनिश्चित करने के लिए

metro

WMATA की भागीदारी और सहायता के लिए अनुरोध किया है कि लागू WMATA कॉम्पैक्ट अपेक्षाएँ पूरी होती हैं।

सार्वजनिक सुनवाई के बाद, MWAA और WMATA रिकॉर्ड के लिए प्राप्त गवाही की समीक्षा करेंगे और सार्वजनिक सुनवाई पर रिपोर्ट तैयार करेंगे। सार्वजनिक समीक्षा और टिप्पणी की अनुमति देने के लिए यह सार्वजनिक सुनवाई स्टाफ़ रिपोर्ट दस दिन के लिए परिचालित की जाएगी। सार्वजनिक समीक्षा और टिप्पणी की अवधि के पूरी होने पर, MWAA और WMATA निदेशक मंडल सार्वजनिक सुनवाई रिकॉर्ड, सार्वजनिक सुनवाई स्टाफ़ रिपोर्ट और सार्वजनिक सुनवाई स्टाफ़ रिपोर्ट पर सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेंगे, और प्रस्तावित बदलावों पर काम करेंगे।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध संदर्भ सामग्री

प्रस्तावित डिज़ाइन शोधन के लिए पर्यावरणीय आकलन और सामान्य योजनाएँ www.dullesmetro.com और www.wmata.com/hearings पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं और उनका बुधवार, 16 मई, 2012 से सामान्य कामकाज के समय के दौरान निम्नलिखित स्थानों पर निरीक्षण किया जा सकता है: http://www.dullesmetro.com/http://www.wmata.com/hearings

WMATA
सचिव का कार्यालय
600 पाँचवीं स्ट्रीट, NW, कमरा 2D-209
वाशिंगटन, DC 20001
202-962-2511
(समन्वय के लिए कृपया अग्रिम में कॉल करें)

डलेस कॉरिडोर मेट्रोरेल परियोजना कार्यालय
द्वारा श्री स्कॉट पीटरसन
1595 स्प्रिंग हिल रोड, सूइट 300
वियना, VA 22182
703-572-0500
(समन्वय के लिए कृपया अग्रिम में कॉल करें)

ऐश्बर्न लाइब्रेरी
43316 हे रोड
ऐश्बर्न, VA 20147
703-737-8100

डॉली मेडिसन सामुदायिक लाइब्रेरी
1244 ओक रिज एवेन्यू
मैकलीन, VA 22101
703-356-0770

कैस्केड्स लाइब्रेरी
21030 व्हाइटफ़ील्ड प्लेस
स्टर्लिंग, VA 20165
703-444-3228

मेरी रिले स्टाइल्स पब्लिक लाइब्रेरी
120 N. वर्जीनिया एवेन्यू
फ़ॉल्स चर्च, VA 22046
703-248-5030

ग्रेट फ़ॉल्स सामुदायिक लाइब्रेरी
9830 जॉर्जटाउन पाइक

ग्रेट फ़ॉल्स, VA 22066
703-757-8560

हेर्नडन फ़ोर्टनाइट लाइब्रेरी
768 सेंटर स्ट्रीट
हेर्नडन, VA 20170
703-437-8855

पैट्रिक हेनरी सामुदायिक लाइब्रेरी
101 मेपल एवेन्यू पूर्वी
वियना, VA 22180
703-938-0405

रेस्टन क्षेत्रीय लाइब्रेरी
11925 बोमन टोवन ड्राइव
रेस्टन, VA 20190
703-689-2700

स्टर्लिंग पुस्तकालय
120 एंटरप्राइज़ स्ट्रीट
स्टर्लिंग, VA 20164
703-430-9500

टायसंस-पिमिट क्षेत्रीय लाइब्रेरी
7584 लीस्बर्ग पाइक
फ़ॉल्स चर्च VA 22043
703-790-8088

<u>प्रस्ताव क्या है</u>

MWAA और WMATA ने तीन बदलावों का प्रस्ताव किया है जिसके लिए WMATA कॉम्पैक्ट के अंतर्गत सार्वजनिक सुनवाई की आवश्यकता है। अन्य बदलाव पर्यावरण आकलन में प्रलेखित किए गए हैं। इन तीन बदलावों का वर्णन नीचे किया गया है।

मार्ग 28 स्टेशन

फ़ेयरफ़ैक्स काउंटी के अनुरोध पर, MWAA और WMATA का उत्तर की पूरी सुविधा का वर्तमान स्थल के पश्चिम में नए स्थल पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। उत्तरी सुविधा के तत्व वही बने रहेंगे, लेकिन सुविधा को मध्य प्लेटफ़ॉर्म से जोड़ने वाला पदयात्री पुल संशोधित किया जाएगा। डलेस स्टेशन बुलेवार्ड से दूसरी पहुँच शामिल करने के लिए दक्षिण पक्ष का पुनर्गठन किया जाएगा। हालाँकि दक्षिणी सुविधा पूर्व स्वीकृत स्थान पर ही स्थित रहेगी, लेकिन सुविधा का आकार बदल दिया जाएगा। स्टेशन पार्किंग संरचना को थोड़ा स्थानांतरित किया जाएगा, और मध्य प्लेटफ़ॉर्म को जोड़ने वाला पदयात्री पुल संशोधित किया जाएगा। सनराइज़ वैली ड्राइव से मूल पहुँच पश्चिम में स्थानांतरित की जाएगी। दूसरी पहुँच बस बे को और पार्किंग संरचना के दक्षिणी सिरे को पहुँच प्रदान करेगी।

डलेस हवाई अड्डा

MWAA और WMATA का प्रस्ताव है कि डलेस हवाई अड्डा स्टेशन को वर्तमान में स्वीकृत टर्मिनल भवन के एकदम उत्तर और सारियन सर्कल से उत्तर पार्किंग गेराज़ के भूमिगत स्थल से दक्षिण के सामने हवाई स्थल पर स्थानांतरित किया जाए। स्टेशन का उपयोग कर यात्रियों को घंटेवार पार्किंग के नीचे स्थित बगल के रास्ते पर चलकर और मौजूदा पैदल सुरंग का उपयोग करके स्टेशन और मुख्य टर्मिनल के बीच लगभग 1200 फुट की यात्रा करनी होगी।

मार्ग 772 स्टेशन

लौडौन काउंटी के अनुरोध पर, MWAA और WMATA का मार्ग 772 स्टेशन को संशोधित करने का प्रस्ताव है। उत्तरी सुविधा का आकार पूर्व के डिज़ाइन और स्वीकृति के समान बना रहेगा, और बस बे और किस एंड राइड स्थान के विन्यास में मामूली बदलाव किया जाएगा। दक्षिणी सुविधा का आकार वर्तमान में मंज़ूर किए गए की तुलना में छोटा होगा क्योंकि सतह के पार्किंग आकार में कमी की गई है (योजना से लगभग 300 स्थान हटा दिए गए हैं) और भविष्य के पारगमन-उन्मुख विकास के लिए भूमि की उपलब्धता अधिकतम करने हेतु बस बे और किस एंड राइड का पुनर्गठन किया गया है और नए स्थान पर ले जाया गया है।

<u>संपत्ति-संबंधी अपेक्षाएँ</u>

प्रस्तावित सामान्य योजनाओं के भाग के रूप में संपत्ति पहचान योजनाएँ शामिल की गई हैं। संपत्ति पहचान योजनाएँ प्रस्तावित संरेखण, स्टेशनों, स्टॉप, और सहायक सुविधाओं के आसपास सामान्य क्षेत्र सूचित करती हैं जिनके भीतर निर्माण और प्रस्तावित परियोजना के संचालन से संपत्ति, व्यापार, और/या आवास प्रभावित हो सकते हैं।

अधिगृहीत संपत्ति का उपयोग स्टेशन सुविधाओं, कर्षण पॉवर सबस्टेशन, वेंटिलेशन और एक्सेस शाफ़्ट जैसी सहायक सुविधाओं, ऑफ़-स्ट्रीट बस और पार्किंग सुविधाओं, अस्थायी यातायात मार्ग परिवर्तन, सड़क-मार्ग परिवर्तन, और निर्माण मचान स्थलों के रूप में किया जा सकता है।

सामान्य योजनाओं के लिए प्रस्तावित शोधन के आधार पर, इस परियोजना के निर्माण और संचालन के लिए निजी-स्वामित्व की संपत्ति और सार्वजनिक भूमि का अधिग्रहण आवश्यक हो जाएगा। संपत्ति अधिग्रहण और स्थान बदलने की किसी प्रक्रिया में समरूप पुनर्वास सहायता और अचल संपत्ति अधिग्रहण नीति अधिनियम 1970 यथासंशोधित का पालन किया जाएगा।

परियोजना के इस भाग के लिए अचल संपत्ति अपेक्षाओं में दिलचस्पी रखने वाले व्यक्तियों को आगाह किया जाता है कि ये अपेक्षाएँ अस्थायी हैं और सामान्य इंजीनियरिंग योजनाओं पर आधारित हैं। संपत्ति की सटीक ज़रूरतें तब तक निर्धारित नहीं की जात सकतीं जब तक वे अंतिम इंजीनियरिंग डिज़ाइन द्वारा स्थापित नहीं हो जातीं।

WMATA कॉम्पैक्ट अपेक्षाएँ

WMATA कॉम्पैक्ट की अपेक्षा है कि जन पारगमन योजना में संशोधन करते समय बोर्ड, परियोजना निर्माण की स्थिति में पारगमन क्षेत्र में वर्तमान और भावी परिस्थितियों पर विचार करे। पारगमन क्षेत्र में स्थल के आसपास का क्षेत्र शामिल हैं और विचार में, सीमा के बिना, भूमि का उपयोग, जनसंख्या, विकास योजना को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारक, मौजूदा और प्रस्तावित परिवहन और पारगमन सुविधाएँ, परिवारों या कारोबार का कोई स्थान-परिवर्तन; वॉशिंगटन महानगर क्षेत्र की ख़ूबसूरती और गरिमा का संरक्षण; पर्यावरण सुविधाओं और सौंदर्यशास्त्र को प्रभावित करने वाले कारक, और वित्तीय संसाधन शामिल हैं। जन पारगमन योजना में, अन्य बातों के अलावा, स्टेशनों और पार्किंग की सुविधाओं सहित WMATA द्वारा प्रदान की जाने वाली पारगमन सुविधाएँ, और उनकी विशेषताएँ, प्रकृति, डिज़ाइन, स्थान और पूँजी और परिचालन लागत शामिल हैं। पारगमन सुविधाओं का डिज़ाइन और स्थान निर्दिष्ट करने के अलावा, जन पारगमन योजना में, पूँजी और परिचालन लागत, और साथ ही, "अन्य विभिन्न कारक और विचार प्रदान किए जाते हैं, जो, बोर्ड की राय में वहाँ प्रस्तावित परियोजनाओं का औचित्य और ज़रूरत निर्धारित करते हैं" जो अधिक विशेष रूप से WMATA कॉम्पैक्ट में निर्धारित हैं।

WMATA कॉम्पैक्ट, और साथ ही राष्ट्रीय पर्यावरण नीति अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित प्रलेखन प्रदान करने के लिए MWAA और WMATA ने पर्यावरणीय मूल्यांकन तैयार किया है। परियोजना प्रस्ताव के अधिक विस्तृत वर्णन के साथ, यह दस्तावेज़, ऊपर संदर्भ सामग्री से अनुभाग में संकेत किए गए स्थलों पर सार्वजनिक समीक्षा के लिए उपलब्ध है।

सार्वजनिक सुनवाई में बोलने के लिए कैसे रजिस्टर करें

प्रस्ताव के संबंध में अपनी बात कहने के इच्छुक सभी संगठनों या व्यक्तियों को अपने विचार प्रस्तुत करने और समर्थन के वक्तव्य देने और वैकल्पिक प्रस्ताव पेश करने का अवसर दिया जाएगा। गवाह सूची तैयार करने के लिए, सार्वजनिक सुनवाई में अपनी बात कहने के इच्छुक व्यक्तियों और संगठनों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया जाता है कि अपने नाम और संगठन से संबद्धता, यदि कोई हो, लिखित रूप में ईमेल से यहाँ भेजें speak@wmata.com। अनुरोध सचिव के कार्यालय, वॉशिंगटन मेट्रोपोलिटन क्षेत्र ट्रांज़िट प्राधिकरण, 600 पाँचवीं स्ट्रीट, NW, वाशिंगटन, डीसी में भी भेजी जा सकती है। 20001. वैकल्पिक रूप से, आप इस जानकारी को यहाँ फ़ैक्स कर सकते हैं 202-962-1133. एक पत्र में कृपया केवल एक वक्ता का नाम दें। व्यक्तिगत वक्ताओं की सूची स्वीकार नहीं की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि गवाही में आपके द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी को WMATA सार्वजनिक पहुँच रिकॉर्ड्स नीति (PARP) के अंतर्गत जनता के लिए जारी किया जा सकता है। PARP को wmata.com/about_metro/public_rr.cfm पर WMATA की

वेबसाइट पर "कानूनी मामले" चिह्नित लिंक के अंतर्गत देखा जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को पहले सुना जाएगा और अपनी प्रस्तुतियाँ पेश करने के लिए पाँच मिनट का समय दिया जाएगा। दूसरे सभी लोगों को तीन मिनट प्रत्येक का समय दिया जाएगा। एक वक्ता द्वारा दूसरे को अपना समय देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

लिखित वक्तव्य कैसे प्रस्तुत करें

लिखित वक्तव्य और प्रदर्शित सामग्री सोमवार, 25 जून, 2012 को 5 बजे तक सचिव के कार्यालय में या इस ई-मेल पर प्राप्त हो जानी चाहिए writtentestimony@wmata.com.

लिखित वक्तव्य और प्रदर्शित सामग्री इस पते पर डाक से भी भेजी जा सकती है:

सचिव का कार्यालय
वॉशिंगटन मेट्रोपोलिटन क्षेत्र ट्रांज़िट प्राधिकरण
600 पाँचवीं स्ट्रीट, NW
वाशिंगटन, DC 20001.

वैकल्पिक रूप से, वक्तव्य यहाँ फ़ैक्स किए जा सकते हैं 202-962-1133.
अपने सबमिशन में कृपया सुनवाई या डॉकेट नंबर का संदर्भ दें। आपके द्वारा उपलब्ध की जाने वाली नाम, ई-मेल पता, पता, या टेलीफ़ोन नंबर जैसी कोई निजी जानकारी WMATA सार्वजनिक पहुँच रिकॉर्ड्स नीति के अंतर्गत जनता के लिए जारी की जा सकती है, जो ऊपर उल्लेख किए गए वेबसाइट लिंक पर उपलब्ध है।